दिनाँक 06/08/2016 को अग्रवाल महाविद्यालय के संभाग तृतीय के सभागार में प्रबंधन विभाग के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसका विषय था ‘ Management as a Career & Management Skills’ इस कार्यशाला में BBA एवं BBA CAM के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे I विद्यार्थी को अपने भविष्य में प्रबंधक के रूप में  देखने हेतु जिन कुशलताओं में दक्षता हासिल करनी चाहिए उन विषयों के बारे में बताने के उद्देश्य से यह कार्यशाला महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता  के कुशल नेतृत्व में आयोजित की गई I इस सुअवसर पर टाइम्स संस्था के जोनल निर्देशक श्रीमती निष्ठा एवं श्री अभिषेक ने छात्रों को प्रबंधन विषय के अनेक आयामों की जानकारी दी तथा कार्यशाला में छात्रों को Role play, Quiz, Puzzle व Admad जैसी पारस्परिक क्रियाएं कराईं I इस कार्यशाला में प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शिल्पा गोयल , नीलम तंवर , तृप्ति , डॉली व निधि विशेष उपस्थित थे I